## लापरवाही पर पेनल्टी, 30 सितंबर डेड लाइन, बच्चों का कराएं स्कूल प्रवेश : सिंह

### रबी उपार्जन में 37 हजार किसानों का पंजीयन, लोकसेवा गारंटी के आवेदन निपटाएं, संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा



**उज्जैन।** प्रशासनिक संकुल भवन में आयोजित समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने विभिन्न विभागों की योजनाओं और प्रगति कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में शिक्षा, कृषि, जल आपूर्ति, ऊर्जा, सामाजिक सुरक्षा और राजस्व से जुड़े मुद्दों पर स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में सबसे पहले रबी उपार्जन की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने जानकारी दी कि जिले में अब तक 37 हजार किसानों का पंजीयन किया जा चुका है। कलेक्टर ने फसल गिरदावरी का कार्य शत-प्रतिशत और समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। आदिम जाति कल्याण विभाग को धरती आबा जनजातिय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत स्वीकृत आवासों को शीघ्र पूर्ण करने तथा स्वास्थ्य विभाग को लंबित आयुष्मान कार्ड प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए गए। संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा में बताया गया कि विकासखंडों और नगरीय निकायों में प्राप्त 93 हजार 748 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। 15 मार्च तक ब्लॉक स्तर पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। साथ ही पीएम सुरक्षा बीमा और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक नागरिकों तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। कृषि कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत उद्यानिकी विभाग को नदी किनारे के ग्रामों में पौधारोपण कार्य तेज करने के निर्देश दिए गए। 13 ग्रामों में 270 हेक्टेयर क्षेत्र में पौधारोपण किया जा रहा है। संबल 2.0 योजना के तहत असंगठित श्रमिकों के पंजीयन आवेदनों का त्वरित निराकरण, राजस्व वसूली में तेजी तथा विधायक निधि प्रस्तावों को आवश्यक दस्तावेजों सहित प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। बैठक में सीएम हेल्पलाइन के उत्कृष्ट निराकरण के लिए जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय, अग्रणी जिला प्रबंधक, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग सहित अन्य अधिकारियों को सम्मानित किया गया। बैठक में नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ श्रेयांस कुमट, एडीएम अतेंद्र सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर शाश्वत शर्मा सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

### 6 वर्ष के बच्चों का स्कूल प्रवेश-दस्तावेज की जांच करें

शिक्षा के क्षेत्र में विशेष निर्देश देते हुए कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी और जिला परियोजना समन्वयक को कहा कि 30 सितंबर तक 6 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी बच्चों का कक्षा पहली में प्रवेश सुनिश्चित किया जाए। प्रवेश के पहले बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र सहित सभी आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराए जाएं। 1 अप्रैल तक पंजीयन की प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही बालिकाओं के लिए स्वीकृत नए शौचालयों का निर्माण 8 मार्च तक पूरा करने को कहा गया। लोकसेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए गए। लापरवाही बरतने पर दंडात्मक कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। सभी विभागों में ई-ऑफिस प्रणाली लागू करने और आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। जल जीवन मिशन की समीक्षा के दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को नल-जल योजनाओं का हैंडओवर समारोहपूर्वक आयोजित करने के निर्देश दिए गए। जनवरी माह में 11 योजनाओं का हैंडओवर किया जा चुका है। ऊर्जा और पर्यावरण के क्षेत्र में पीएम कुसुम योजना के कार्यों में तेजी लाने, सभी शासकीय कार्यालयों में सौर ऊर्जा पैनल लगाने तथा पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक घरों में सोलर पैनल स्थापित करने के निर्देश दिए गए। अब तक 3671 आवेदनों की स्वीकृति के बाद घरों में सौर पैनल लगाए जा चुके हैं।

## उज्जैन जिले में बनाए 146 पंजीयन केंद्र

**उज्जैन। उज्जैन जिले में चना एवं मसूर समर्थन मूल्य पर किसान पंजीयन के लिए उज्जैन जिले में 146 पंजीयन केंद्र बनाएं गए है। रबी गेहूं के लिए पूर्व से निर्धारित किए गए पंजीयन केंद्रों पर ही किसान पंजीयन की सुविधाएं 16 मार्च तक उपलब्ध रहेंगी। जिले में उज्जैन तहसील में 19, खाचरौद तहसील में 19, घट्टिया तहसील में 17, झारडा में 08, तराना में 10, नागदा में 13, बडनगर में 35, महिदपुर में 12 तथा माकडौन तहसील में 13 चना एवं मसूर के समर्थन मूल्य पर पंजीयन कार्य के लिए किसानों की सुविधा के मद्देनजर किसान पंजीयन केंद्रों का निर्धारण किया गया है।**

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के अनुसार उज्जैन जिले में रबी वर्ष 2025-26 (विपणन वर्ष 2026-27) में ई-उपार्जन पोर्टल पर रबी गेहूं के लिए निर्धारित पंजीयन केंद्रों पर ही चना एवं मसूर का समर्थन मूल्य पर पंजीयन कार्य के लिए किसान पंजीयन की प्रक्रिया का निर्धारण करने के लिए किसानों की सुविधा को देखते हुए पंजीयन केंद्रों का निर्धारण किया गया है। यह पंजीयन 20 फरवरी से प्रारंभ हो गए है पंजीयन संबंधी कार्यवाही 16 मार्च 2026 तक चलेगा।

### उज्जैन तहसील में इन सेवा सहकारी संस्थाओं में स्थापित किए गए केंद्र

उज्जैन तहसील में सेवा सहकारी संस्था नरवर, ताजपुर, तालौद, नौगांवा, पंथपिपलाई, भेंसौदा, करोहन,नलवा, दताना, ढाबलारहवारी, उंडासा, आकासौदा, गोन्दिया, सुरजनवासा, चिंतामन जवासिया, हमीरखेडी, चंदेसरा, चिमनगंज मंडी उज्जैन, सेवा सहकारी संस्था उज्जैन, खाचरौद तहसील में सेवा सहकारी संस्था नरसिंहगढ, घिनोदा, चिरोला, नरेडीपाता, खाचरौद, मडावदा, बड़ागांव, भेहलोला, आक्याजागीर, बंजारी, संदला, सुरेल, भीकमपुर, बैडावन्या, कनवास, कमठाना, नंदियासी, उमरना, बरखेडा, घट्टिया तहसील में सेवा सहकारी संस्था घट्टिया, जैथल, निपानिया गोयल, बोरखेडा भल्ला, रूई, पानबिहार, सोडंग ,रातडिया, बिछडोद, गुराडिया गुर्जर, पिपल्याहामा, कालूहेडा, रलायता हेवत, नजरपुर, गोयलाबुजुर्ग, झितरखेडी, कालियादेह, झारडा तहसील में सेवा सहकारी संस्था झारडा, गोगाखेडा, कासोन, रनायरापीर, लोटियाजुनारदा, इंदोख, बोलखेडानाउ, खेडामदा, तराना तहसील में विपणन सहकारी समिति तराना, सेवा सहकारी संस्था सालाखेडी, दिलोद्री कनासिया, कायथा, बघेरा, सुमरोखेडा, जवासिया कुमार, काठबड़ोद, छडावद, सामगी, नागदा तहसील में सेवा सहकारी संस्था बैरछा, पासलौद, झिरन्याशेख, हिडी, बरखेडामॉडन, आलोट जागीर, उन्हेल मंडी उन्हेल, बेडावन, पिपलौदा सागोतीमाता, टूटियाखेडी, आक्यानजिक, बनबना, रूपेटा, बडनगर तहसील में सेवा सहकारी संस्था लोहाना विपणन सहकारी समिति बडनगर, आमला, जाफला रुणिजा, भाटपचलाना, खरसौद कला, इंगोरिया, जलोदिया, फतेहपुर, खरसोदखुर्द, पलसोडा, पलसोडा जहांगीरपुर, चिकली, खंडोदा, सलवा, लखेसरा सोहड, टोकरा, बंगरेड, दुनालजा, असलावदा,अजडावदा,बादरबेला, भोमलवास, दंगवाडा, खेडावदा, पिपलू, बालोदालक्खा, चिरोला, बलेडी, भिडावद, घडसिंगा, डाबला राजपूत पचोला, डेलची, नांदेड, परसोली, गोराडिया गुर्जर, गोदडी, कचनारिया तिलावद, तथा सेवा सहकारी संस्था खजूरखेडी में चना एवं मसूर के समर्थन मूल्य पर पंजीयन कार्य के लिए किसानों की सुविधा के मद्देनजर किसान पंजीयन केंद्रों का निर्धारण किया गया है।

## महापौर ने अपना जन्मदिवस महाकाल के दर्शन और गौ माता की पूजन कर मनाया



**उज्जैन।** 23 फरवरी को महापौर मुकेश टटवाल द्वारा अपना जन्म दिवस सर्वप्रथम बाबा महाकाल के चरणों में नमन एवं पूजन अर्चन करते हुए मनाया गया। तत्पश्चात महापौर द्वारा नगर निगम द्वारा संचालित रत्नाखेड़ी स्थित कपिला गौशाला पहुंचकर गौ माता की सेवा की। साथ ही गौ माता का पूजन किया गया। तत्पश्चात महापौर द्वारा महापौर निवास पर पहुंच कर महापौर निवास पर आने वालों से सौजन्य भेंट की गई। महापौर ने बताया कि जिस प्रकार जन्म दिवस पर सभी के द्वारा अभूतपूर्व प्रेम स्नेह एवं बधाइयां दी गई। उसके लिए सभी का बहुत-बहुत आभार एवं धन्यवाद खासकर महापौर निवास पर दिव्यांग बच्चों द्वारा उपस्थित होकर बधाई दी गई यह पल बहुत ही खुशी एवं स्नेह का पल रहा। जिस पर बच्चों को भी उपहार दिए गए। जिससे दिव्यांग बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस दौरान निगम अध्यक्ष कलावती यादव, एमआईसी सदस्यों, जोन अध्यक्ष, पार्षद गणों, नगर निगम परिवार, भाजपा कार्यकर्ता, संगठन, मित्रगण, शहर वासियों, स्नेहा प्रेमियों, पत्रकार साथियों, निगम के अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा महापौर निवास पर पहुंच कर बधाइयां दी गई। महापौर के जन्मदिन के अवसर पर नगर पालिक निगम शिवाजी भवन के महापौर कार्यालय का नवीनीकरण किया गया इस अवसर पर महापौर मुकेश टटवाल का एमआईसी सदस्य प्रकाश शर्मा, शिवेंद्र तिवारी, रजत मेहता, कैलाश प्रजापत, जितेंद्र कुवाल, सत्यनारायण चौहान, डॉ.योगेश्वरी राठौर, पार्षद पंकज चौधरी, दिलीप परमार, लीला वर्मा एवं निगम अधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया।

## ससुराल आए युवक पर चाकू से हमला, मामा भी घायल

**उज्जैन। ससुराल आए युवक पर रात में दो युवकों ने चाकू से हमला कर दिया। बीच बचाव में आया युवक का मामा भी घायल हो गया। दोनों को उपचार के लिए चरक अस्पताल में भर्ती किया गया है।**

बदनावर के भैसोला चौपाटी का रहने वाला राहुल पिता रामा भील 22 वर्ष अपने ससुराल बड़नगर आया हुआ था। रात में वह मामा दशरथ पिता मांगू गामड़ के साथ टहलने के लिए निकला। बस स्टैंड के पास खौब दरवाजा पर अण्डे की दुकान पर दोनों रुक गए। मामा एंड लेने चला गया उसी दौरान वहां पहुंचे बड़नगर के ही दो बदमाशों बद्री मोरवाल और राकेश ने राहुल से शराब पीने के रुपए मांगे। राहुल ने रुपए देने से मना किया तो दोनों बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया। राहुल के साथ मारपीट और चाकूबाजी देख मामा दशरथ बीच बचाव करने आया तो दोनों हमलावरों ने उस पर भी चाकू से वार कर दिए। दोनों घायल हो गए। उन्हें बड़नगर अस्पताल ले जाया गया। जहां से उपचार के लिए उज्जैन भेजा गया है। बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार के अनुसार मामले में दोनों बदमाशों के खिलाफ चाकूबाजी, मारपीट और अवैध वसूली का प्रकरण दर्ज कर तलाश की जा रही है। हमलावर बड़नगर से फरार हो चुके हैं। उनके परिजनों से संपर्क कर दोनों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

### मजदूर पर चढ़ा बिजली की केबल से भरा ट्रक

उज्जैन। बिजली विभाग के गोदाम पर खाली होने आया केबल से भरा ट्रक मजदूर पर चढ़ गया। दबाने से मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर ट्रक जब्त किया है। नागदा थाना क्षेत्र के ग्राम कचनारिया फंटा पर बिजली विभाग का गोदाम बना हुआ है जहां पर राजस्थान पासिंग ट्रक केबल के बड़े रोल लेकर आया था। केबल गोदाम में खाली होना थी, इस दौरान मजदूर मोहम्मद शब्बीर पिता गनी मोहम्मद मंसूरी निवासी राजस्थान के देशवाली मोहल्ला शाहपुरा भी ट्रक चालक के साथ आया हुआ था। वह ट्रक में भारी केवल खाली करने के लिए नीचे खड़ा हुआ था। इस दौरान चालक ने ट्रक रिवर्स लिया। नीचे खड़ा मोहम्मद शब्बीर अचानक गिर पड़ा जिसके ऊपर ट्रक का पहिया चढ़ गया। दबने पर मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा होते ही हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची और चालक को हिरासत में लेकर ट्रक जब्त कर लिया। सोमवार सुबह मृतक मजदूर का पोस्टमार्टम कराया गया है।

### जोधपुर-इंदौर ट्रेन से गिरा युवक, हालत गंभीर

उज्जैन। गरोठ से इंदौर की यात्रा कर रहा युवक चलती ट्रेन से गिर गया। गंभीर रूप से घायल होने पर उसे 108 एंबुलेंस से शासकीय अस्पताल लाया गया। जहां उसका उपचार जारी है। घटना की जानकारी लगने पर घायल के परिजन उज्जैन पहुंच गए थे। महिदपुर रोड रेलवे ट्रैक से रविवार सोमवार रात गंभीर हालत में एक युवक को एंबुलेंस से उज्जैन लाया गया। उसकी हालत गंभीर बनी हुई थी। डॉक्टर ने उपचार के लिए भर्ती किया। सोमवार सुबह युवक को होश आने पर सामने आया कि वह गरोठ के ग्राम कुड़ावद का रहने वाला गोलू पिता भागीरथ है। जोधपुर इंदौर ट्रेन से वह शादी में शामिल होने के लिए इंदौर जा रहा था। ट्रेन के गेट पर खड़े होकर यात्रा कर रहा था तभी अचानक संतुलन बिगड़ने पर गिरा है। घायल की सूचना उसके पास मिले दस्तावेजों के आधार पर रात में ही परिजनों को दे दी गई थी। जो सुबह अस्पताल पहुंचे थे। पुलिस द्वारा घायल के बयान दर्ज किए गए हैं। जबकि जीआरपी हमेशा यात्रियों को ट्रेन के गेट पर खड़े रहने के लिए मना करती है ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना ना हो।

## एक नजर में



### संतों ने जनकल्याण का लिया संकल्प

**उज्जैन।** दत्त अखाड़े में सतगुरु श्री श्री 1008 पीर महंत राजेंद्र भारती महाराज और महंत परमेश्वर भारती की पुण्यतिथि अपार श्रद्धा और भक्ति-भाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर अखाड़े के वर्तमान गादीपति और मार्गदर्शक सतगुरु सुंदर पुरी महाराज के आशीर्वाद से विविध धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। आचार्य पंडितों और अखाड़े के संत परिवार ने रुद्राभिषेक कर दिवंगत गुरुदेव को नमन किया, जिसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जूना अखाड़ा के वर्तमान सभापति मोहन भारती और विद्या भारती सहित अखाड़े के सभी संत प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। संतों ने गुरुओं के चरणों में कोटि-कोटि नमन करते हुए उनके द्वारा समाज के लिए किए गए महान कार्यों को याद किया। पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए संतों ने कहा कि गुरुदेव ने अपना संपूर्ण जीवन सत्य, मानवता और आध्यात्मिक जागृति के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने समाज को अज्ञानता के अंधकार से निकालकर ज्ञान के प्रकाश की ओर अग्रसर किया। परमहंस आदि शक्ति साधना केंद्र और साइको योग फाउंडेशन उज्जैन के राजू महाराज ने बताया कि गुरुदेव के आशीर्वाद से प्राप्त शक्ति, भक्ति और ज्ञान के जरिए जनकल्याण की नीतियों को निरंतर अपनाया जाता रहेगा।



### सूखे रंगों से त्योहार मनाने का दिया संदेश

**उज्जैन।** वैद्य राजपूत समाज की महिलाओं ने समाज की धर्मशाला में फाग उत्सव मनाया। सचिव भारती पंवार ने बताया कि वरिष्ठ सदस्य संध्या हाड़ा द्वारा राधा-कृष्ण के पूजन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके पश्चात समाजजनों ने होली के भजनों पर झूमते हुए फूल और गुलाल से होली खेली। इस दौरान यह संदेश भी दिया गया कि होली खूबसूरत रंगों का त्योहार है, इसलिए इसे केवल सूखे रंगों के साथ ही खेलें। इस अवसर पर गीता बाई गेहलोत, मीना सावंत, ऊषा हाड़ा, निशा सांखला, माला गेहलोत, गरिमा सावंत, रेखा राठौर, ज्योति राठौर, आकांक्षा पंवार, मीनाक्षी सांखला, प्रीति परिहार, हेमलता डोड, सोना डोड, सरोज सोलंकी, अनीता डोड, भारती सोलंकी, मंजू डोड, अवंतिका पंवार, आरती पंवार और मालती गेहलोत उपस्थित थीं। साथ ही आयोजन में शैलेन्द्र सिंह पंवार, गिरीश सिंह गौड़, मनीष सिंह गेहलोत, प्रदीप सिंह गौड़, मुन्नालाल राठौर, सतीश सांखला, सुनील गेहलोत, संजय पंवार, विक्रम पंवार, सत्येंद्र सांखला और विनायक राठौर आदि भी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के अंत में आभार सचिव मनोज सिंह गेहलोत ने माना।

### संत गाडगे बाबाजी की जयंती मनाई

**उज्जैन।** कोठी पैलेस स्थित अजाक्स कार्यालय पर अजाक्स जिला उज्जैन द्वारा समाज सुधारक संत गाडगे बाबाजी की जयंती के अवसर पर श्रद्धापूर्वक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला अध्यक्ष डॉ. आरएल परमार के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान अजाक्स के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मीडिया प्रभारी डी. एल. भीलवाड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि जयंती के मौके पर संत गाडगे बाबाजी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष डॉ. परमार ने कहा कि संत गाडगे बाबाजी का संदेश आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने गरीब बच्चों की शिक्षा में सहयोग करने, हर जरूरतमंद को शिक्षा से जोड़ने, प्यासे को पानी पिलाने तथा दुखी व निराश लोगों को हिम्मत देने का संदेश दिया। इस मौके पर जिला कार्यवाहक अध्यक्ष दरियाव सिंह गहलोत, रमेशचंद्र सूर्यवंशी, जिला सचिव बीएल सिदल, एनपी मालवीय, आनंदीलाल सिसोदिया, रमेशचंद्र कलेसिया, बाबूलाल एरवाल, प्रदीप सिसोदिया, रमेशचंद्र राठौर, सरपंच ईश्वर कटारिया, एडवोकेट दुलेसिंह आजाद, नरेंद्र गेहलोत, मनीष वर्मा, बहुजन समाज अध्यक्ष धर्मेंद्र सोलंकी सहित अजाक्स के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कर्मचारियों की अति आवश्यक बैठक कल

**उज्जैन।** 25 फरवरी को शहीद पार्क, उज्जैन पर श्री सिंथेटिक्स कर्मचारियों की बैठक रखी गई है। संयुक्त कर्मचारी कांग्रेस के संयोजक एवं क्रेडिट को आपरेटिव के संचालक प्रकाश सोलंकी के अनुसार 27 जनवरी 2026 की तारीख की इंदौर उच्च न्यायालय की जानकारी देने व 20 फरवरी को कलकत्ता उच्च न्यायालय की तारीख की जानकारी देने के लिये व 27 फरवरी 2026 को कोलकाता उच्च न्यायालय में सुनवाई हेतु निर्धारित तारीख के संबंध में चर्चा करने हेतु बैठक आयोजित की जा रही है।

## निगमायुक्त ने राजस्व कॉलोनी चौड़ीकरण कार्य का किया निरीक्षण



**उज्जैन।** नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा सोमवार को राजस्व कॉलोनी मुख्य मार्ग चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण अधिकारियों के साथ किया गया। उक्त मार्ग राशि रुपए लगभग 3.95 करोड़ की लागत से बनाया जाएगा। यह मार्ग लम्बाई में 500 मीटर से अधिक का है जिस पर 24 मीटर रोड का निर्माण किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान आयुक्त मिश्रा द्वारा अधिकारियों एवं संबंधित कार्य के ठेकेदारों को निर्देशित किया कि संबंधित कार्य की जो समय अवधि तय की गई है। वह उसी अवधि में उच्च गुणवत्ता पूर्वक पूर्ण होना चाहिए। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण यंत्री संतोष गुप्ता, कार्यपालन यंत्री हिमांशु तिवारी, उपयंत्री श्याम शर्मा, अनुशीता जैन उपस्थित रहे।

### सतयुग रेस्टोरेंट पर 10 हजार का जुर्माना

उज्जैन। गुदरी चौराहा स्थित सतयुग रेस्टोरेंट के द्वारा खुले में मिक्स कचरा फेंकते पाए जाने पर नगर निगम द्वारा सोमवार को 10 हजार का जुर्माना किया गया। उल्लेखनीय है कि स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2025 की नवीन टूलकिट के अंतर्गत होटल, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, अस्पतालों इत्यादि को अपने प्रतिष्ठान से निकलने वाले कचरे का निष्पादन करना है। साथ ही अस्पताल से निकलने वाले बायोमेडिकल वेस्ट कचरे को पृथक से रखना है। जिसके क्रम में सोमवार को गुदरी चौराहा स्थित सतयुग रेस्टोरेंट पर नगर निगम स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा निरीक्षण किया गया। जिसमें पाया गया कि होटल से निकले कचरे को मिक्स करते हुए सड़क पर डाला गया। जिसके क्रम में निगम द्वारा 10 हजार का जुर्माना लगाने की कार्रवाई की गई। उक्त कार्रवाई निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश अनुसार उपायुक्त संजेश गुप्ता, स्वास्थ्य अधिकारी कालूराम सोलंकी के मार्गदर्शन में स्वच्छता निरीक्षक विजय बाली, दरोगा इकरार खान, इकबाल द्वारा की गई।

## अखिल भारतीय माली समाज विकास परिषद् की राष्ट्रीय कार्यकारिणी घोषित

**उज्जैन।** अखिल भारतीय माली समाज विकास परिषद् में मध्य प्रदेश के अनेक समाजसेवियों को राष्ट्रीय पदाधिकारी एवं कार्यसमिति सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र सांखला ने कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए बताया कि माली सैनी समाज के सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक और शैक्षणिक विकास के लिए यह संगठन पिछले 30 वर्षों से निरंतर कार्य कर रहा है। घोषित किए गए नए पदाधिकारियों में संतोष सैनी जबलपुर, श्याम मेवाड़ा इंदौर, किशोर दग्दी उज्जैन, विनोद माली आलोट, हुकमचंद जादम सैनी इंदौर और अल्का सैनी इंदौर को महामंत्री बनाया गया है। वहीं अशोक सैनी भोपाल, सुधीर सांखला उज्जैन, रमेश सैनी सागर, अनिल सांखला ग्वालियर, हरिनारायण माली भोपाल, राजेश दौड़के छिंदवाड़ा, भूपेन्द्र सुमन श्योपुर, लक्ष्मण महाजन बुरहानपुर, राजेश चौहान कन्नौद, महेश बाड़ाने धार, देवीसिंह सांखला हरदा और गोपालकृष्ण कश्यप गुना को वरिष्ठ उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। इसी प्रकार पत्रकार धर्मेन्द्र भाटी उज्जैन, गोपाल बागरवाल उज्जैन, राजेश परमार बड़नगर, प्रदीप भाटी मंदसौर, गोपाल पटेल सीहोर, सहदेव माली आगर और गीता रामी उज्जैन को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्यों में डॉ. छाया सैनी भोपाल, डॉ. धीरज सांखला आगर, सुमन माली उज्जैन और राहुल पटेल उज्जैन को शामिल किया गया है।

**वीआईपी दर्शन.. दोनों ने दर्शन कर नंदीहाल से की पूजा-अर्चना, महाकाल मंदिर समिति ने किया सम्मान**

## दिल्ली के मंत्री आशीष सूद महाकाल आए, पद्मश्री मोहन नागर भी पहुंचे, किया पूजन

नवभारत न्यूज

**उज्जैन।** महाकाल मंदिर में अभी श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला जारी है। इसके साथ ही नेता और अभिनेताओं का दर्शन करने की सिलसिला बरकरार है। इसके पूर्व क्रिकेट खिलाड़ियों ने मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद लिया था। इसके पूर्व अभिनेता सुनील शैट्टी भी दो बार बाबा महाकाल के दर्शन कर चुके हैं। इसी क्रम में दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष सूद सोमवार को उज्जैन प्रवास के दौरान महाकाल के दर्शन करने पहुंचे। सूद ने भगवान महाकाल का पूजन-अर्चन कर प्रदेश व देश की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। वे गृह, शिक्षा, विद्युत एवं शहरी विकास मंत्रालय देखते हैं। दर्शन के बाद मंदिर प्रबंध समिति ने मंत्री सूद का नंदीहाल में सम्मान किया। इस अवसर पर मंत्री सूद ने मध्य प्रदेश शासन द्वारा मंदिर परिसर में की गई उत्तम व्यवस्था की सराहना की। इस दौरान मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष राज्य मंत्री और पर्यावरण कार्यकर्ता पद्मश्री मोहन नागर भी महाकाल के के दर्शन करने पहुंचे।





### 1 लाख हनुमान चालीसा पाठ कराएंगे, जोड़ेंगे 10 करोड़ हिंदुओं को



विश्व हिंदू परिषद के अंतर राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रवीण तोगड़िया ने उज्जैन में कहा कि वे देशभर में 1 लाख स्थानों पर हनुमान चालीसा के पाठ करवाएंगे। उनका लक्ष्य 10 करोड़ हिंदू परिवारों को एक मंच पर जोड़ना है। यह घोषणा उन्होंने राष्ट्रीय बजरंग दल और राष्ट्रीय महिला परिषद के दो दिवसीय हिंदू अधिवेशन के शुभारंभ से पहले पत्रकारों से चर्चा में कही। तोगड़िया ने कहा कि हनुमान चालीसा के यह पाठ आगामी एक वर्ष में पूरे किए जाएंगे। उज्जैन के शहनाई गार्डन में 24 और 25 फरवरी को राष्ट्रीय आयोजन में विश्व हिंदू परिषद के पूर्व अध्यक्ष और राष्ट्रीय हिन्दू परिषद के संस्थापक अध्यक्ष प्रवीण तोगड़िया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक हनुमान चालीसा के पाठ से होगी। तोगड़िया ने अपने संकल्प को सुरक्षित, समृद्ध, स्वस्थ और स्वावलंबी हिंदू बताया। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत हर मंगलवार और शनिवार को गली-गली में हनुमान चालीसा का पाठ की योजना है।

## जेल में कर्मचारियों को दिव्यांगों के संबंध में दिया प्रशिक्षण

**उज्जैन।** केंद्रीय जेल के अधीक्षक मनोज साहू ने जानकारी दी कि संयुक्त संचालक, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण सतीश सोलंकी, संजय सक्सेना, अध्यक्ष जैनिथ सोशल वेलफेयर सोसायटी एवं डॉ. पंकज मारू, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विशेषज्ञ द्वारा समस्त जेल अधिकारी, कर्मचारियों को गत दिवस दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों के संबंध में ऑनलाईन प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही जेल अधीक्षक द्वारा समानता एवं भेदभाव रहित व्यवहार के सिद्धांत, दिव्यांगता से संबंधित चुनौतियों का उचित ढंग से प्रबंधन एवं संयुक्त राष्ट्र की विशेष आवश्यकताओं वाले कैदियों पर हेण्डबुक के अनुरूप उपयुक्त भाषा व्यवहार का प्रयोग करना बताया गया।